Name : ....................

Roll No. : ....................

कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# S-221070–C

## विषय : हिन्दी

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 75

*निर्देश* : (*i*) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित सम्बन्ध जोड़िए सम्बन्धी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *30* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *50* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द-सीमा *75* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 16 एवं 17 पत्र-लेखन एवं अपठित गद्यांश हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 18 निबंध-लेखन का प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग *250* से *300* शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक के सभी प्रश्नों में विकल्प दिया गया है।

downloaded from StudentSuvidha.com



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

प्रश्न-1 (खण्ड-अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(i) नर्मदा की सखी जिसने उसके साथ छल किया :

(अ) जुहिला

(ब) शोण

(स) रेवा

(द) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'माटीवाली' पाठ की विधा है :

(अ) निबंध

(ब) कहानी

(स) एकांकी

(द) जीवनी

(iii) घीसा की झोपड़ी —— नदी के किनारे थी।

(अ) गंगा

(ब) यमुना

(स) गोदावरी

(द) नर्मदा

(iv) 'गृह प्रवेश' कविता में किस वाद की झलक मिलती है ?

(अ) छायावाद

(ब) प्रगतिवाद

(स) प्रयोगवाद

(द) यथार्थवाद



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(*v*) मीराबाई का जन्म हुआ था :

(अ) बिहार

(ब) बंगाल

(स) राजस्थान

(द) महाराष्ट्र

**प्रश्न-1** **(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) बिसतंतु का अर्थ ——— है।

(*ii*) परसाई जी ——— बीमारी से मरना चाहते थे।

(*iii*) महादेवी वर्मा को आधुनिक काल की ——— कहा जाता है।

(*iv*) परदेशीराम वर्मा द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी उपन्यास ——— है।

(*v*) ठूँठ ——— का प्रतीक है।

**प्रश्न-1** **(खण्ड-स)** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| | (क) | | (ख) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | जनतंत्र का जन्म | - | भगवती लाल सेन |
| (*ii*) | माखन | - | निर्झर |
| (*iii*) | ये जिनगी फेर चमक जाए | - | अधिनायकता |
| (*iv*) | झरना | - | रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| (*v*) | स्टालिन | - | व्यापारी |

**प्रश्न-2** प्रगतिवादी रचनाकार के नाम लिखिए (कोई **दो**)। [1+1=2]



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**प्रश्न-3** माखन के गोदाम से अनाज को लूटने के पीछे वीरनारायण सिंह का क्या उद्देश्य था ? [2]

**प्रश्न-4** घीसा का नाम 'घीसा' कैसे पड़ा ? [2]

**प्रश्न-5** बदली हुई परिस्थितियों में अब राजदण्ड किसे बनाया जाएगा ? [2]

**प्रश्न-6** निम्नलिखित शब्दों के समास-विग्रह कर समास का नाम लिखिए : [½+½+½+½ =2]

(*i*) स्नानगृह

(*ii*) चौमासा

**प्रश्न-7** वीरगाथा काल की कोई **तीन** विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1=3]

**प्रश्न-8** अपने पदों में मीरा खुद को दासी कहती है। ऐसा कहने के पीछे क्या आशय है ? लिखिए। https://www.cgboardonline.com [3]

downloaded from StudentSuvidha.com

**प्रश्न-9** वीरनारायण सिंह को अपने पूर्वजों से कौन-कौन से गुण प्राप्त हुए थे ? लिखिए। [3]

**प्रश्न-10** पहले के जमाने में मिट्टी का उपयोग किन-किन कामों में होता था तथा वर्तमान समय में इसका उपयोग आप कहाँ-कहाँ देखते हैं ? लिखिए। [1½+1½=3]

**प्रश्न-11** कवि ने जीवन की समानता झरने से किन-किन रूपों में की है ? अपने शब्दों में लिखिए। [4]

***अथवा***

आज की परिस्थितियों में एक आदर्श व्यक्ति के जीवन की क्या-क्या विशेषताएँ हो सकती हैं ? लिखिए।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**प्रश्न-12** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए : [4]

सदियों की ठण्डी-बुझी राख सुगबुगा उठी,
मिट्टी सोने का ताज पहन इठलाती है;
दो राह, समय के रथ का घर्घर नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

***अथवा***

अब्दों, शताब्दियों, सहस्राब्द का अंधकार,
बीता, गवाक्ष अंबर के दहके जाते हैं,
यह और नहीं कोई, जनता के स्वप्न अजय
चीरते तिमिर का वक्ष उमड़ते जाते हैं।

**प्रश्न-13** ''गुँगुवावत मया भभक जाए'' पंक्ति में खुलकर स्नेह प्रकट करने को कहा गया है। इस कथन का क्या उद्देश्य है ? [4]

***अथवा***

सिकुमार किसान से मजदूर कैसे बन गया ? लिखिए।

**प्रश्न-14** नर्मदा सूख जाएगी तो हमलोग कैसे बच सकेंगे ? वनवासी स्त्री द्वारा ये बात क्यों कही गई ? लिखिए। [4]

***अथवा***

'बादल को घिरते देखा है' कविता में कवि ने बसंत ऋतु के दृश्य का चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न-15** लेखक बनने के लिए शरत बाबू के क्या-क्या सुझाव थे ? **चार** सुझाव लिखिए। [1+1+1+1=4]

***अथवा***

'जेबकतरा' कहानी पढ़ने के बाद मन में कौन-से भाव जागृत होते हैं ? कोई **चार** भाव विस्तार से लिखिए।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**प्रश्न-16** अच्छे साहित्य के अध्ययन से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई को एक प्रेरक-पत्र लिखिए। [1+3+1=5]

***अथवा***

परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश को एक आवेदन-पत्र लिखिए।

**प्रश्न-17** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : https://www.cgboardonline.com [1+1+1+1+1=5]

"अनुशासन का अर्थ है—नियम-विधियों का पालन करना। इसका सर्वोत्तम रूप है—आत्मानुशासन। जिसके तहत 'स्व' को मर्यादा व संयम के दायरे में रखा जाता है। अनुशासित व्यक्ति अपने आचरण से मूल्यों को व्यवहार में ढालकर आदर्श प्रस्तुत करता है। वह आत्मनियंत्रण से विवेकपूर्ण निर्णय लेता है कि कौन-सा कृत्य करने लायक है और कौन-सा त्याज्य। अनुशासन एक प्रकार का भाव है जो लोकमंगल की ओर प्रवृत्त रहता है। समाज, शासन, लोक तथा सदाचार आदि के नियमों का अनुपालन करना अनुशासन का अंग है। अनुशासन नैतिकता से परे नहीं है।"

downloaded from StudentSuvidha.com

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) सर्वोत्तम एवं आत्मानुशासन शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए।

(*iii*) अनुशासन क्या है ? इसका सबसे अच्छा रूप क्या है ?

(*iv*) अनुशासित व्यक्ति आदर्श कैसे प्रस्तुत करता है ?

(*v*) अनुशासन किससे परे नहीं है ?

(*vi*) अनुशासन और नैतिकता शब्दों में से उपसर्ग एवं प्रत्यय अलग कीजिए।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

**प्रश्न-18** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250-300* शब्दों में निबंध लिखिए :

[2+4+2=8]

(*i*) विकास के पथ पर छत्तीसगढ़

(*ii*) परहित सरिस धर्म नहीं भाई

(*iii*) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका

(*iv*) कोविड-19 : एक महामारी

(*v*) संचार क्रांति

———

downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com